दस खरब डालर की अर्थव्यवस्था बनाने में उद्यमी मित्रों की भूमिका अहम : मुख्य सचिव

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी की अर्थव्यवस्था दस खरब डॉलर बनाने का लक्ष्य रखा है। उद्यमी मित्र पहल यूपी को एक प्रमुख वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने के चल रहे प्रयासों को बढ़ाएगी।

उद्यमी मित्रों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु

उन्होंने नवनियुक्त उद्यमी मित्रों को राज्य में निवेशकों की सुविधा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने और सरकार व निवेशकों के बीच मजबूत स्तंभ के रूप में काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि निवेशकों की जरूरतों को समझने को प्राथमिकता देनी होगी। वह नवनियुक्त उद्यमी मित्रों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

सोमवार को पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान में नए उद्यमी मित्रों से मुख्य सचिव ने कहा कि भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि देश के सकल घरेलू उत्पाद में उत्तर प्रदेश का 9.2% योगदान है। उपजाऊ भूमि और अच्छी तरह से विकसित सिंचाई सुविधाओं से युक्त राज्य फसल उत्पादन और कृषि निर्यात में देश में अग्रणी है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में संसाधनों का एक आदर्श मिश्रण है। इन्वेस्ट यूपी के जरिये निवेश नीति ढांचा उपलब्ध है। उन्होंने बागपत में दुनिया की सबसे बड़ी बेकरी कंपनी ग्रुपो बिम्बो की इकाई स्थापित करने के विषय में बताया। प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अनिल कुमार सागर ने कहा कि उत्तर प्रदेश का चावल, गेहूं, गन्ना और दूध उत्पादन में प्रदेश का अग्रणी स्थान है।

साइबर हमलों से सुरक्षा बेहद जरूरी

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने योजना भवन में हुई स्टेट लीडरशिप वर्कशाप ऑन साइबर सिक्योरिटी में कहा कि डिजिटल युग में व्यक्तिगत, संस्थागत और वित्तीय जानकारियों को साइबर हमलों से सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है। कार्यशाला में साइबर अपराध, डाटा व साइबर सुरक्षा बढ़ाने में एआई और डिजिटल खतरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साइबर हमले की दशा में सूचना साझा करने की प्रक्रिया भी बताई गई। ब्यूरो